महत्वपूर्ण / आवश्यक

# उत्तराखण्ड सूचना आयोग

सैक्टर 1, सी–30 डिफेंस कालोनी, देहरादून
दूरभाषः 0135–2666778, 2666779 ईमेलः uicddn@gmail.com

संख्याः 4574 / उ.सू.आ. / 2013 दिनांकः 23 / 02 / 2012

**1. समस्त प्रमुख सचिव / सचिव, उत्तराखण्ड शासन**
**2. मण्डलायुक्त, गढ़वाल / कुमांऊ मण्डल, देहरादून / नैनीताल**
**3. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड**
**4. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तराखण्ड**
**5. समस्त प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तराखण्ड**

**विषय : मासिक प्रगति विवरण हेतु नवीन प्रारूप.**

महोदय / महोदया,

लोक प्राधिकारियों के स्तर से आयोग को मुख्यतः दो प्रकार के मासिक प्रगति विवरण प्रेषित किये जाते हैं जिनमें (1) सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त होने वाले अनुरोध पत्रों एवं एकत्रित धनराशि की पांच बिंदुओं पर सूचना, तथा (2) प्राप्त एवं निस्तारित प्रथम अपीलों से संबंधित प्रगति विवरण सम्मिलित होते हैं.

2. उपरोक्त प्रगति विवरणों हेतु आयोग स्तर से निश्चित किये गये दो भिन्न प्रारूपों के स्थान पर अब आयोग द्वारा 22 बिंदुओं वाला एक नवीन समेकित प्रारूप तैयार किया गया है. इस नये प्रारूप में सूचना अनुरोध पत्रों तथा प्रथम अपीलों से संबंधित विवरणों के साथ – साथ सूचना अनुरोधों की अस्वीकृति की धाराओं से संबंधित विवरण भी अपेक्षित हैं.

3. समस्त लोक प्राधिकारी / विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष कृपया अपने एवं अपने अधीनस्थ स्तरों पर नामित लोक सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों को संलग्न प्रगति विवरण प्रारूप से अवगत कराने तथा माह मार्च 2012 एवं अग्रेतर माहों के विवरण इसी नये प्रारूप पर प्रत्येक माह की 10वीं तिथि तक आयोग को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें. प्रत्येक लोक प्राधिकारी / विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष के स्तर पर अपने अधीनस्थ स्तरों की सूचना प्राप्त कर संकलित सूचना को आयोग को पूर्व की भांति ही प्रेषित किया जायेगा.

संलग्न : यथोपरि.

**(एन. एस. नपलच्याल)**
**मुख्य सूचना आयुक्त**